दिनांक 23 अक्टूबर 2019

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

कलेक्टर अंकित आनंद एवं निगमायुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने राजीव गांधी आश्रय योजना के तहत किए जा रहे सर्वे कार्य का किया निरीक्षण

भिलाईनगर/आज दुर्ग जिले के कलेक्टर श्री अंकित आनंद एवं निगमायुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने राजीव गांधी आश्रय योजना के तहत किए जा रहे सर्वे कार्य का जोन क्रमांक 1 क्षेत्र अंतर्गत आने वाले कोसानाला मोहल्ला , कोहका तथा खमरिया क्षेत्र में पहुंचकर निरीक्षण किया! नगरीय क्षेत्र के भूमिहीन व्यक्ति (पट्टाधृति अधिकारों का प्रदाय किया जाना) अधिनियम में जारी संशोधित प्रावधानों एवं नियमों के अंतर्गत राजीव गांधी आश्रय योजना 2019 विस्तारित योजना हेतु आवश्यक निर्देश राज्य शासन द्वारा प्रसारित किए गए हैं! नगर पालिक निगम भिलाई के लिए चार प्राधिकृत अधिकारियों की नियुक्ति भी जिलाधीश महोदय द्वारा की जा चुकी है तथा सर्वेक्षण कार्य के लिए नोडल अधिकारी सहित दल का गठन भी किया जा चुका है! जिलाधीश महोदय के द्वारा दिए गए निर्देशानुसार इस कार्य में संलग्न दल के अधिकारी/कर्मचारी शासन के निर्देशों के अंतर्गत प्राधिकृत अधिकारी के पर्यवेक्षण तथा दिशा-निर्देश के अनुसार कार्य करेंगे , निगम भिलाई क्षेत्र मे झुग्गी बस्तियों का चयन कर आर्थिक रूप से महत्वपूर्ण जनहित में अन्यत्र स्थानांतरण करने योग्य झुग्गी बस्तियों की जानकारी प्राधिकृत अधिकारियों को उपलब्ध कराएंगे, सर्वप्रथम ऐसे अधिभोगियों का सर्वे किया जाएगा जिनके पास कोई पट्टा नहीं है एवं मौके पर कब्जे की भूमि का विवरण , नजरी नक्शा, कब्जे का क्षेत्रफल का भौतिक सर्वेक्षण प्रारूप क में दर्ज करने का कार्य करेंगे!!

जनसंपर्क अधिकारी